प्रेस नोट 01- दिनांक 18.07.2024

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

पत्नी की हत्या का करने वाला पति गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा पत्नी की हत्या करने वाले पति को आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 17.07.2024 को वादी मुकदमा श्री रवि श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राकेश श्रीवास्तव नि0 वार्ड नं0 8 नगर पंचायत नबावगंज थाना अजगैन जनपद उन्नाव की तहरीरी सूचना दी गई कि अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ पिन्टू लाला पुत्र स्व0 लल्लन श्रीवास्तव नि0 मो0 नरेन्द्र नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव हाल पता गौशाला के पास मो0 गदन खेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 38 वर्ष द्वारा वादी की बहन तथा स्वयं की पत्नी रजनी उम्र करीब 34 वर्ष की चाकू से प्रहार कर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 468/2024 धारा 103(1) BNS पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 18.07.2024 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ पिन्टू लाला उम्र करीब 38 वर्ष उपरोक्त को आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद कर गदनखेडा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अभियुक्त का विवरण-

1.अमित कुमार श्रीवास्तव उर्फ पिन्टू लाला पुत्र स्व0 लल्लन श्रीवास्तव नि0 मो0 नरेन्द्र नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव हाल पता गौशाला के पास मो0 गदन खेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र करीब 38 वर्ष

बरामदगी-

1-- आलाकत्ल एक अदद चाकू

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

01. नि0 अपराध राजेश यादव
02. हे0का0 अख्तर अली
03. का0 अनिल कुमार